प्रभात खबर

पानी प्लांट की आड़ में चल रहा था नकली शराब बनाने का धंधा

गांधीनगर. गांधीनगर थाना क्षेत्र के जरीडीह बस्ती सरैयाटांड़ में पानी प्लांट की आड़ में नकली अंग्रेजी शराब बनाने का धंधा चल रहा था. एसपी के निर्देश पर स्थानीय पुलिस ने सोमवार की सुबह लगभग पांच बजे प्लांट में छापेमारी की तो इसका खुलासा हुआ. मौके से सात बड़े कार्टूनों में विभिन्न ब्रांड की नकली अंग्रेजी शराब (750 एमएल के डेढ़ सौ बोतल) बरामद हुई. साथ ही छह बोरे खाली बोतल, विभिन्न ब्रांड के स्टीकर, होलोग्राम तथा ढक्कन भी जब्त किया गया. प्लांट संचालक भाग गया.

थाना प्रभारी पिंटू महथा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि उक्त पानी प्लांट शंभू साव का है और इसे संचालन के लिए संजय सोनी को दे रखा था. मामला दर्ज कर उक्त दोनों को आरोपी बनाया है. गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है. नकली शराब को आसपास के छोटे-छोटे होटलों तथा ढाबों में खपाया जाता था. साथ ही बिहार में भी भेजा जाता है. विगत दिनों बिहार में अवैध शराब से हुई मौत के मामले का कनेक्शन भी यहां से जुड़े होने की बात कही जाती है. छापामारी में गांधीनगर थाना प्रभारी के अलावा एसआइ रवि नारायण झा, एएसआइ राजेश छतरी सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे.

क्षेत्र में पहले भी कई मामलों का हुआ है खुलासा :

क्षेत्र में पहले भी कई बार अवैध शराब के धंधे का खुलासा हो चुका है. वर्ष 2020 में चंद्रपुरा के तत्कालीन थाना प्रभारी नूतन मोदी द्वारा वाहन जांच के क्रम में एक ऑटो में लदे स्प्रिट पकड़ने के बाद सरैयाटांड़ के एक नवनिर्मित आवास में छापेमारी की गयी थी तो भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब तथा अंग्रेजी शराब बनाने की सामग्री बरामद हुई थी. छह वैन में लोड कर पुलिस को उक्त जब्त सामग्री को ले जाना पड़ा था. 29 दिसंबर 2022 को आबकारी विभाग व पुलिस ने चाऊमीन तथा इलायची दाना बनाने की फैक्ट्री के आड़ में अवैध शराब बनाने के धंधे का खुलासा किया था. दोनों मामले में कई लोगों को जेल भी भेजा गया था. 15 सितंबर 2023 को हॉस्पिटल रोड के समीप पानी प्लांट के समीप एक वाहन में आबकारी विभाग

व गांधीनगर पुलिस ने काफी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया था. इस मामले में भी कई आरोपियों को जेल भेजा गया था.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/bokaro/fake-liquor-manufacturing-business-busted